तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हमारे स्कूल में एक महत्वपूर्ण अवसर : द्विवेदी




## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का कलेंडर का हुआ विमोचन

**कोरबा।** बीआरसी भवन कटघोरा में स्थाई शिक्षा समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा की अध्यक्षता में शनिवार को समीक्षा बैठक अयोजित किया गया। जिसमें बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत कटघोरा के उपाध्यक्ष श्रीमती ममता दामोदर राठौर ने किया और उन्होंने शिक्षा से संबंधित सभी बारीकियों को ध्यान में रखते हुए सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने को निर्देशित किए साथ ही छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला के कैलेंडर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री टेकाम, बीआरसी प्रहलाद साहू, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी नायक, शिक्षा समिति सदस्य कमला देवी भुवन पाल सिंह कंवर, सभी संकुल प्रभारी कुंज बिहारी शुक्लाखर, संतोष कुर्रे मढ़ाली, शरद काठले श्रीमती लक्ष्मी केंवट, हरिशंकर दिवाकर आदि उपस्थित थे।

### कॉल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** इंदिरा स्टेडियम आदर्श नगर में कॉल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ महालक्ष्मी बालको एवं यूसीए कोरबा के मध्य हुए मैच के द्वारा हुआ जिले की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक में आज प्रथम मैच के दौरान अतिथि के रूप में अमरजीत सिंह, अजय प्रसाद, देव साहू, सुरेंद्र शर्मा, जीत सिंह, घनश्याम यादव, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अमित सिंह, संजय पांडे, रंजन आर्य, अभिषेक आनंद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया गया। इसमें बालकों की टीम विजेता रही इस प्रतियोगिता में कुल जिले की 14 टीम में भाग ले रही है। विजेता टीम को 41 हजार रुपए नगद एव ट्रॉफी उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद एव ट्रॉफी और सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को 21 फरवरी फाइनल में पुरस्कृत किया जाएगा।

### स्कूली ज्ञान के अलावा बच्चे अनुशासन का सीखते हैं पाठ

**कोरबा।** स्कूली जीवन को गोल्डन लाइफ कहा जाता है। स्कूल में बिताए दिन हमें हमेशा याद रहते हैं। स्कूल में पुस्तकीय ज्ञान के साथ बच्चा अनुशासन का पाठ भी सीखता है। उज्जवल भविष्य के निर्माण में स्कूली शिक्षा एक मजबूत नींव होती है। अब कक्षा 12 वीं के बच्चे स्कूल के बाद अपना भविष्य गढ़ेंगे। उक्त बातें बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल सीएसईबी कोरबा पूर्व की प्राचार्य वाय ए नाथन ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा। विद्यालय में कक्षा 11वीं विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के सीनियर्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वागत गीत व रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उन्हें बुके व उपहार प्रदान किए गए। वरिष्ठ शिक्षकों ने विद्यार्थियों के लिए उद्बोधन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में सीनियर्स के साथ शिक्षकों की आंखे भी नम हो गई। मंच संचालन कक्षा 11वीं के छात्र अयान खान, राकिया तस्लीम, जीतू सूर्यवंशी व अफसाना ने किया।

### पुलवामा में शहीद जवान को दी गई श्रद्धांजलि

**गेवरा-दीपका।** 14 फरवरी को पुलवामा में अमर शहीद जवान को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अमर जवानों को दीपक जलाकर कलचुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल दीपका के छात्रों के द्वारा डांस, भाषण, गीत, शायरी,के माध्यम से और सीआईसीएफ के जवान और पुलिस के जवान नगर पालिक दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, अरुणीश तिवारी पार्षद दीपका नगर पालिका, सुशील तिवारी, प्रतिभा यादव प्राचार्य कलचूरी गजेंद्र राजपूत, राधेश्याम, रामीन यादव, माया प्रसाद कलचुरी स्कूल और अतिथिगण के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सी.आई.सी.एफ. और पुलिस प्रशासन और गायत्री सोनी गायक को मोमेंटो के द्वारा सम्मानित किया गया।

# आंगनबाड़ी के बच्चों का ड्रेस वितरण पड़ा खटाई में, नहीं हुई खरीदी

## निजी स्कूलों के तर्ज पर तैयार करना था आंगनबाड़ी केन्द्रों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निजी स्कूलों के तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्र को तैयार करने के उद्देश्य से केंद्र आने वाले बच्चों को ड्रेस वितरण की योजना खटाई में पड़ गई है। पिछले एक वर्ष से यह प्रयास किया जा रहा था कि कपड़ों की खरीदी कर ड्रेस तैयार कर उसका वितरण किया जाए किंतु आज तक ना तो कपड़ों की खरीदी हुई जबकि 15 फरवरी तक शासन के सभी विभागों को खरीदी करने के निर्देश दिए गए थे।

आंगनबाड़ी केंद्र आने वाले बच्चों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से वजन त्यौहार जैसे कार्यक्रम चलाए जाते हैं। पूरक पौष्टिक आहार का भी वितरण किया जाता है। निजी स्कूलों के तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को तैयार करने के लिए राज्य शासन की ओर से जिले के 7 सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। जहां एलईडी स्क्रीन की टीवी दी गई है ताकि बच्चों को मनोरंजन के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाए। इस तरह की सुविधाएं देखकर कुछ आंगनबाड़ी केंद्र निजी स्कूल के तर्ज पर तैयार तो हुई किंतु उन स्कूलों की तरह बच्चों को ड्रेस उपलब्ध नहीं हो सकी। जबकि शासन की ओर से विभाग को पूर्व डीपीओ के कार्यकाल के समय ही 80 लाख रुपए जैसी बड़ी राशि का आबंटन किया गया था ताकि उससे कपड़ों की खरीदी कर ड्रेस तैयार कर उसका वितरण किया जा सके। पूर्व डीपीओ के कार्यकाल में योजना धरी की धरी रह गई और वितरण का कार्य खटाई में पड़ गया और डीपीओ का स्थानांतरण भी हो गया। तबसे अब तक वितरण को लेकर कोई योजना तैयार नहीं हुई।

**खास बातें**

- सार्वजनिक उपक्रमों के क्षेत्रों मे चलने वाले केन्द्रों में उपक्रमों ने किया है वितरण



### कई केंद्रों में पेयजल की दरकार

शहरी क्षेत्र के कुछ आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए दिए जाने वाला नल कनेक्शन भी केंद्रों को नहीं मिला है। आसपास के हैंडपंप से ही पानी लेकर व्यवस्था चलाई जा रही है। यह स्थिति शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की भी है और यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों की भी है। जहां नल जल योजना से कनेक्शन दिए जाने के काम अभी भी अधूरे हैं।

## विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के अवसर पर किया जा रहा जागरुक

# स्मार्ट मीटर के लिए गांव से शहर तक नुक्कड़ नाटक का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है लेकिन अब तक इसका काम पूरा नहीं हो पाया है और रफ्तार भी सुस्त पड़ी हुई है जिसकी वजह से अब विद्युत विभाग को नुक्कड़ नाटक सहित सोशल मीडिया प्लेट फार्म में जागरुकता चलाने की दिशा पर पहल की है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के बारे में जानने समझने का मौका मिल सके।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है जिसमें से आधे उपभोक्ताओं के घरों में ही स्मार्ट मीटर पहुंच पायी है जबकि इसका टाईम लाइन समाप्ति की ओर है। तय समय के भीतर कंपनी ने स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा नहीं कर पायी है और लगातार काम पिछड़ता ही जा रहा है जिसे देखते हुए अब स्मार्ट मीटर की सुविधा का लाभ उठाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी उपभोक्ताओं को जागरुक करेगी। इसमें उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके सिखाया जा रहा है। इसके लिए 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार 9 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक देशभर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। शहर के पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले घंटाघर में इसके लिए कैंप भी लगाया गया था और कैंप के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास कर रही है साथ ही गांव गांव में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक से लोग जागरुक हो सके। स्मार्ट मीटर पखवाड़े के अंतर्गत उपभोक्ता सहभागिता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं लघु वीडियो जैसे आईईसी सामग्री का प्रसार, मोबाइल एप इंस्टॉलेशन में सहायता, लाइव डेमो, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अस्थायी सहायता केंद्र, हेल्प डेस्क की स्थापना, नगर पालिका एवं पंचायत स्तर पर कार्यशालाएँ तथा उपभोक्ता फीडबैक सर्वे आयोजित किए जाएंगे।



नुक्कड़ नाटक कर जागरुकता अभियान चलाते हुए।

### चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

स्मार्ट मीटर से लोगों को जागरुक करने के लिए शहर के अलग अलग क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत घंटाघर में विशेष जागरुक अभियान चलाया गया था। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

**-रोशन कुमार वर्मा,** डीई, विद्युत वितरण विभाग कोरबा शह

### जिले में मात्र 1 लाख उपभोक्ताओं के घर लग पाया मीटर

जिले में आरडीएसएस (रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाएँ प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जिले में कुल 2 लाख 8 हजार उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाया जाना है लेकिन अब तक 1 लाख 9 हजार उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग पाया है। पखवाड़े के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज द्वारा उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी जाएगी। इसमें अग्रिम भुगतान की सुविधा, रीयल-टाइम बैलेंस की जानकारी, बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण, सही एवं पारदर्शी बिलिंग, विवादों में कमी, लो-बैलेंस एवं असामान्य खपत की सूचना, आसान रिचार्ज सुविधा तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार शामिल हैं।

# एक महीने बाद युवती की होने वाली थी शादी, फंदे में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 20 वर्षीय युवती की एक महीने बाद शहनाई बजने वाली थी लेकिन इस बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि युवती ने अपने घर के समीप स्थित परसा के पेड़ पर फांसी के फंदे में उसकी झूलते हुई लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम तुलबुल का मामला, 8 मार्च को होने वाली थी शादी

जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुलबुल निवासी देवनारायण मरावी की 20 वर्षीय पुत्री वेदमती मरावी कक्षा आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और कुछ दिन पहले ही वेदमती की शादी पास के गांव में तय हुई थी और 8 मार्च को उसके घर में शहनाई बजने वाली थी। घर वाले उसकी शादी के तैयारी में जुट चुके थे जहां चारों तरफ खुशियां बिखर रही थी लेकिन रविवार की सुबह ना जाने ऐसा क्या हुआ कि वेदमती अपने घर से निकली और अपने घर से लगभग सौ मीटर दूर परसा के पेड़ पर अपने चुनरी से फांसी के फंदे पर झूल गई है। जैसे ही पास ⏭ शेष पेज 3 पर

# नाना के घर आया था मासूम नहर में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 9 साल का मासूम घूमने के लिए अपने नाना ने के घर आया हुआ था और अपने रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नहर में गया हुआ था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और नहर के तेज बहाव में बह गया। नहर बच्चे के लापता होते ही उसके परिजनों द्वारा उसकी खोज शुरू की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस गोताखोरों के द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी कि इस बीच शाम को उसका शव पड़ोसी जिले के नहर से बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचोरा निवासी विष्णु कंवर का 8 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार कंवर कुछ दिनों पूर्व अपने नाना नानी के घर उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा आया हुआ था बताया जाता है कि रोशन कुमार रविवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने मामी व अन्य रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नहर में गया हुआ था। जहां नहाने के दौरान नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में बह गया। मामी के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह लापता हो चुका था। सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। घंटों की खोजबीन के बाद शाम करीब 4 बजे उसका शव को पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के पंतोरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नहर से बरामद कर लिया गया है।

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चरित्र शंका को लेकर एक पति ने अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित वैष्णव मंदिर के समीप निवासरत रामेश्वर साहू ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी सुकृता पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी माँ और बहन को भी आरोपी रामेश्वर साहू ने गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था। घटना के दूसरे दिन कोतवाली पुलिस की टीम ने हमलावार रामेश्वर साहू पिता छविलाल साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### चापड़ से हमला करने वाला आरोपी भेजे गये जेल

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी टंकी नर्सरी निवासी पार्वती राय पर पड़ोस में रहने वाले दीपक मंडल और व उसके भाई भोला मंडल ने पुराने विवाद को लेकर पार्वती राय पर चापड़ से हमला कर दिया था। इस मामले में भी पार्वती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी दीपक मंडल व भोला मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# छिंदपुर में लो-वोल्टेज से जनजीवन प्रभावित

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत छिंदपुर में बिजली व्यवस्था चरमराने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे क्षेत्र में लो-वोल्टेज की स्थिति बनी हुई है।

परिणामस्वरूप पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्कूल की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णानंद राठौर ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व इस समस्या को लेकर विद्युत वितरण कार्यालय दीपका में सहायक अभियंता को लिखित आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कार्यपालन अभियंता, विद्युत वितरण विभाग कोरबा को पत्र सौंपकर मांग की है कि छिंदपुर में अलग से नई केबल लाइन बिछाई जाए, ताकि ओवरलोड और लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिल सके। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो विद्युत वितरण कार्यालय दीपका कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## मामला जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा का

# बहाल होने लगे पंचायत सचिव, एक माह पहले हुई थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीणों की शिकायत पर निलंबित किए गए पंचायत सचिवों को धीरे धीरे बहाल करने की कार्यवाही भी शुरु हो गई है और वह भी निलंबन के एक माह बाद ही जिला पंचायत की ओर से हुई इस कार्यवाही को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है।

**खास बात**

- शिकायत पर लालपुर पंचायत के सचिव के खिलाफ हुई थी कार्यवाही


ऐसा ही मामला जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत लालपुर का सामने आया है। पिछले कुछ समय से लालपुर पंचायत में विकास कार्यों की आड़ में वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें जनदर्शन में कलेक्टर को की गई थी। शिकायत में ग्रामीणों ने और जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सचिव हसन के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की गई थी। जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को इस पर जांच के निर्देश दिए थे जांच के पश्चात पंचायत सचिव हसन को सीईओ जिला पंचायत के द्वारा निलंबित कर दिया गया था। निलंबन की इस कार्यवाही को एक माह ही बीता होगा कि उसे बहाल कर दिया गया है। हालांकि उसकी पदस्थापना लालपुर ग्राम पंचायत में नहीं हुई है। जनपद पंचायत के किसी और ग्राम पंचायत में पदस्थापना की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद एक माह के अंदर ही निलंबन कर बहाल कर देना न्यायसंगत नहीं है।

### शासकीय कर्मचारी को दिलाया था पीएम आवास

शिकायत के बाद शुरु की गई जांच में पंचायत सचिव मोहम्मद हसन एवं पूर्व सरपंच के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के साथ साथ शासकीय कर्मचारी को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाते हुए उनके खाते में मनरेगा के तहत 18 हजार 792 रुपए का मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। 9 दिसंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी और 4 फरवरी को बहाल करते हुए ग्राम पंचायत दमहामुड़ा में पदस्थ कर दिया गया है।

MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपट्‌र्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




- अल्जाइमर रोग
- माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना)
- साईटिका
- पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक)
- मिरगी रोग
- पार्किंसन्स
- नसों की दिक्कत
- सिर दर्द
- स्पाइनल कॉर्ड
- माँसपेशियों की कमज़ोरी
- शरीर में कम्पन
- मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
- मायस्थेनिया ग्रेविस
- मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
- मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)

• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL

SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013

Tertiary Care - Super Speciality Hospital

NABH Accredited Hospital

Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU

FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850

Website: www.markhospital.com

Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर तो दूर स्टॉपर तक का लोहा नहीं छोड़ रहे चोर



**बिलासपुर।** रोड डिवाइडर की ग्रिल काटकर लोहा चोरी करने की शिकायतें तो आम बात है, लेकिन चोर अब सड़क पर रखे गए ट्रैफिक स्टॉपर तक का लोहा भी नहीं छोड़ रहे हैं। नेहरू चौक से लेकर सरकंडा के बीच यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के उद्देश्य से सड़क पर बीचोबीच स्टॉपर रखे गए हैं। चोरों के द्वारा इनका भी लोहा काटकर चोरी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस तरह के ज्यादातर मामलों में नशा करने वाले कम उम्र के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं, जो नशे के लिए अपनी छोटी जरूरतों को पूरी करने के लिए लोहा काटकर बेचने का काम करते हैं।

### 7 दिन रहेगा मौसम सामान्य इसके बाद बढ़ेगा तापमान

**बिलासपुर।** प्रदेश सहित जिले में अगले 7 दिनों तक तापमान सामान्य रहने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री के आसपास ही रह सकता है लेकिन फरवरी बीतते तक तापमान में बढ़त देखी जाएगी। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार तापमान में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। प्रदेश का मौसम शुष्क रह सकता है। इस दौरान मौसम स्थिर रहेगा। अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान भी बढ़त होगी लेकिन इसके लिए अभी करीब 7 से 10 दिनों का इंतजार है। आसमान पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। इसके बाद ही तापमान में बढ़त हो सकेगी।

### जिले के थानों में नहीं हो रही आनलाइन एफआईआर

**बिलासपुर।** पिछले दिन दिनों से जिले के थानो में तकनीकी खराबी के चलते आनलाइन एफआईआर नहीं हो रही है। जिससे पीड़ितों को रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने का चक्कर काटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर में शुक्रवार से तकनीकी खराबी आने से सीजी एफआईआर एप खुलना बंद हो गया। जिला सहित प्रदेश के सभी जिलों में आनलाइन एफआईआर दर्ज नहीं हो पा रहा है। कई थानों में आफ लाइन एफआईआर लिया जा रहा है तो कई थानो में शिकायत लेकर चलता किया जा रहा है। एडिशन एसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया कि सर्वर डाउन होने व टेक्निकल फाल्ट आने से आनलाइन एफआईआर नहीं हो पा रही है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने खार में जुआ खेलते 6 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 23 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली धूमा के खार में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं।

# फेल होने का डर खत्म, अगली कक्षा में मिल जाएगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


खास खबर

स्कूल शिक्षा विभाग ने 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर स्पष्ट किया है कि, इस साल किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा। मुख्य परीक्षा में असफल होने पर पूरक परीक्षा का अवसर मिलेगा। उसमें भी सफल नहीं होने पर छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

दरअसल आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक परीक्षा पर रोक थी। विभिन्न राज्यों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार ने आरटीई में शिथिलता दी। 5वीं-8वीं की परीक्षा लेने की अनुमति राज्यों को दी। इसके बाद राज्य शासन ने पिछले साल से परीक्षा फिर शुरू की है।


ध्यान रहे कि इस साल घोषित समय-सारणी के अनुसार 5वीं की परीक्षा 16 मार्च से और 8वीं की 17 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा में सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के साथ छत्तीसगढ़ बोर्ड सेकेंडरी ऑफ एजुकेशन से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल भी शामिल होंगे। पिछले साल अचानक निर्णय और समय पर अधिसूचना जारी नहीं होने के कारण प्राइवेट स्कूल संचालकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। तब कोर्ट ने परीक्षा में शामिल होने का निर्णय स्कूलों पर छोड़ दिया था। नतीजतन केवल 15% प्राइवेट स्कूलों के छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। इस बार सभी मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

## 5वीं और 8वीं की होगी केंद्रीकृत परीक्षा



- प्राइवेट स्कूल के बच्चे भी हो सकते हैं परीक्षा में शामिल
- आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक परीक्षा पर रोक थी

### 3 माह तक सुरक्षित रहेंगी उत्तरपुस्तिकाएं



जारी गाइडलाइन के अनुसार, मूल्यांकन के बाद उत्तरपुस्तिकाओं को सीलबंद पैकेट में विकासखंड स्तर पर 3 महीने तक सुरक्षित रखना होगा। इसकी जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की होगी। मूल्यांकन केंद्र संकुल विद्यालयों में बनाए जाएंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन करना है, न कि उन्हें असफल घोषित करना।

### विभाग ने तय किए परीक्षा से जुड़े मानदेय और शुल्क

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने परीक्षा से जुड़े मानदेय और शुल्क भी तय किए हैं। 5वीं की परीक्षा के लिए प्रति छात्र 55 रुपए और 8वीं के लिए 60 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है, जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा होगा। 5वीं की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए 2 रुपए और 8वीं के लिए 3 रुपए प्रति कॉपी दिए जाएंगे। मुख्य मूल्यांकनकर्ता को 100 रुपए प्रतिदिन और केंद्राध्यक्ष को 150 रुपए प्रतिदिन मानदेय मिलेगा।

### सड़क, नाली, सफाई तक के काम नहीं हो पा रहे

# 70 वार्डों में 10 करोड़ के काम अटके निगम को साल भर से फंड ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम की माली हालत पिछले साल भर से बेहद खराब है। वाडों में सड़क, नाली निर्माण और छोटे-मोटे मरम्मत के कार्यों के लिए पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जनप्रतिनिधि अपने वार्डों में दो-पांच लाख का भी काम नहीं करा पा रहे हैं। दो-तीन महीने से उनके प्रस्तावों की फाइल फंड नहीं होने के कारण निगम दफ्तरों में धूल खा रही है और जनप्रतिनिधियों को लोगों के सवालों के जवाब देते नहीं बन रहा है। हाल यह है कि पार्षदों को हर साल मिलने वाली 6 लाख रुपए की निधि भी बड़ी मुश्किल से आधी 3 लाख ही मिली है। यही नहीं महापौर को भी ढाई करोड़ में से एक ही किश्त सवा करोड़ रुपए की मिली है।



नगर निगम की नई कार्यकारिणी को बैठे एक साल हो गए हैं। ज्यादातर पार्षद अपने प्रस्ताव लेकर कभी जोन तो कभी निगम मुख्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। खास तौर पर कांग्रेसी पार्षदों की शिकायत है कि उनके वार्ड में काम नहीं हो पा रहे हैं। सामान्य सभा में भी यह मामला जोर से उठा था और पक्षपात के आरोप लगे थे। शहर के बीच स्थित तालापारा, मगरापारा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, विनोबानगर में सड़क और नाली निर्माण के अलग-अलग करीब आधा दर्जन प्रस्ताव पिछले तीन महीने से निगम के जोन दफ्तर में लंबित पड़े हैं। वार्ड की कांग्रेसी पार्षद और निगम की उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल कहा कि कि स्थिति यह हो गई है कि मरम्मत के लाख-दो लाख की फाइल भी स्वीकृत नहीं हो रही है।

### ठेकेदारों का भी लाखों का बिल बकाया

दरअसल इस बार अधिकांश पार्षद नए हैं और पहली बार चुनकर आए हैं। पिछले साल भर से अपने वार्डों में कुछ भी काम नहीं करा पाने की खीझ उनमें देखी जा रही है। सामान्य सभा और एमआईसी की बैठक में भी यह बात सामने आई थी। नए पार्षद अपना धैर्य भी खोते जा रहे हैं। इधर ठेकेदारों का भी लाखों का बिल बकाया है इसलिए उन्होंने शहर में एक तरह से काम करने से मना कर दिया। खास तौर पर ठेकेदार मजदूरों को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं।

### अधोसंरचना मद की राशि भी नहीं मिली अभी तक

इसी तरह दूसरे वार्डों के पार्षदों का कहना है कि निगम की माली हालत अभी खराब है। निगम अभी कर्ज में है। दरहर साल राज्य शासन से जोनों को अधोसंरचना मद में पांच से छह करोड़ रुपए मिलते हैं। इस साल अब तक यह फंड नहीं आया है। अधिकारियो का कहना है कि इस बारे में नगरीय प्रशासन मंत्रालय के पास फाइल भेजी गई है। जल्द ही राशि स्वीकृत होने की उम्मीद है। इधर हाल यह है कि नगर निगम में प्लेसमेंट पर सफाई का काम के करने वाले सफाई कर्मचारियों को भी तीन से चार महीने का भुगतान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि 70 वार्डों में करीब तीन हजार सफाईकर्मी कार्यरत हैं और इनका हर महीने करीब ढाई करोड़ का पेमेंट भुगतान बनता है।

- पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से भी तीन लाख ही मिले
- पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं



### अधिकारियों के चक्कर काटने की मजबूरी

शहर के 70 वार्डों को मिला लें तो करीब 10 करोड़ के कामों के प्रस्ताव निगम के पास हैं। पार्षद इन कामों को लेकर लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 42 देवरीखुर्द क्षेत्र के पार्षद लक्ष्मी यादव के अनुसार उनके वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पानी की है। इसके अलावा सड़क कई जगहों पर खराब है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। रिपेयरिंग के काम कई जगहों पर होने है लेकिन बजट नहीं होने का हवाला देते हुए फाइल लौटा दी जा रही है। ध्यान रहे कि तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र के लोगों ने समस्याओं को लेकर निगम का घेराव भी किया था।

### स्वीकृति मिलते ही फंड जारी होगा

यह सही है कि नगर निगम पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से अभी 3 लाख ही मिले हैं। महापौर निधि भी सवा करोड़ ही मिली है। राज्य सरकार की ओर से दूसरी किश्त जल्द जारी करने की बात कही गई है। इसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद वार्डों को फंड जारी किए जाएंगे। निगम और जोन आफिसों में लेकिन बजट की समस्या नहीं है। जरूरत के हिसाब से काम कराए जा रहे हैं।

**- पूजा विधानी**
महापौर, बिलासपुर

### एक बार फिर रतनपुर के कुंड में चार कछुओं की मौत

**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर के कुंड में एक बार फिर से कछुए की मौत का मामला सामने आया है। प्रबंधन की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कछुओं का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र में एक बार फिर से मां महामाया मंदिर के कुंड में चार कछुओं की मौत हो गई है। कछुओं के मौत की सूचना रतनपुर मंदिर प्रबंधन से मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची, जहां कुंड के जल में चार कछुए मृत नजर आए। रतनपुर के कुंड में पिछले वर्ष भी 30 से अधिक कछुओं की मौत हुई थी, जो जाल में फंसे हुए मिले थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने सभी मृत कछुओं को अपने कब्जे में लेने के बाद कानन पेण्डारी जू के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन को पोस्टमार्टम के लिए बुलाया। कछुओं का प्रारंभिक पोस्टमार्टम करने के बाद डॉ. चंदन ने इसकी रिपोर्ट सोमवार तक देने की बात कही।

# कोटा क्षेत्र में बाघिन और दो शावकों ने मचाया आतंक

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर। रविवार की सुबह कोटा वन परिक्षेत्र में बाघिन और दो शावकों के आतंक से पूरे ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल हो गया है। इस दौरान बाघिन और उसके शावकों ने वन विकास निगम के क्षेत्र में मवेशी का शिकार किया है।

पिछले कुछ दिनों से एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल के बजाय ग्रामीण एरिया में विचरण कर रही है। इसकी सूचना बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र के साथ वन विकास निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी दी गई है। तीन दिन में बाघिन व शावकों ने गांव के मवेशियों का शिकार भी करना शुरु कर दिया है। चार दिन पहले अचानकमार टाइगर रिजर्व के ग्राम करका में अपने दोनों शावको के साथ दिखाई दी बाघिन ने गाय का शिकार किया था। इसकी सूचना मिलने के बाद प्रबंधन ने तत्काल ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ टीम को अलर्ट करने का आदेश जारी कर दिया। बाघिन के गाय का शिकार करने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची अधिकारी और कर्मचारियों की टीम ने बाघिन व शावकों के पदचिन्हों से पुष्टि की। वहीं बाघिन व दोनों शावकों की खोजबीन करने के लिए मौके पर ट्रैप कैमरे भी लगा दिया गया है। बाघिन अपने शावकों के साथ माखुरहा तालाब के पास पानी पीने के लिए चहलकदम करते हुए दिखाई दी थी। रविवार की सुबह बाघिन और दोनों शावकों ने पटैता और नेवसा के पास कक्ष क्रमांक 133 में एक मवेशी का फिर शिकार किया है। सूचना मिलते ही वन विकास निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर बाघिन और दोनों शावकों के पग मार्क को चेक किया, जिसके बाद इसकी पुष्टि की गई। फिलहाल बाघिन और दोनों शावक वर्तमान में कोटा परिक्षेत्र के आसपास भटक रहे हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को भी घर से बाहर नहीं निकलने का अनुरोध किया जा रहा है।



### किया मवेशी का शिकार



- एटीआर प्रबंधन ट्रैप कैमरा लगाकर करेगा निगरानी, स्टाफ को किया गया अलर्ट

### लगातार रखी जा रही निगरानी

बाघिन और दो शावक पहले पटैता के पास थे, इसके बाद नेवसा बीट के आसपास उनका मूवमेंट देखा गया है। बाघिन और दोनों शावकों का मूवमेंट देखने के लिए ट्रैप कैमरा लगाने कहा गया है, इस दौरान मौके पर अलर्ट रहने के साथ ग्रामीण एरिया में मुनादी भी कराई जा रही है।

**- सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ, वन विकास निगम

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को मातृशोक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता कुसुम सिन्हा का 15 फरवरी को प्रातः 1:30 बजे 84 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही न्यायिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत आत्मा की अंतिम यात्रा रविवार की दोपहर 1:00 बजे चीफ जस्टिस के आधिकारिक निवास (बंगले) से प्रस्थान की। अंतिम संस्कार सरकण्डा मुक्तिधाम, बिलासपुर में किया गया। यहां शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई।



- सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार

शोकसभा में उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक एकेडमी, राज्य विधिक सेवा में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों, विभिन्न जिला न्यायालयों के प्रधान जिला न्यायाधीश व न्यायिक अधिकारियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# पुड़िया में गांजा बेचने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 6 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने पुड़िया में गांजा बेचने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गांजा व नशीली टेबलेट बेचने वाले 7 लोगों को पकड़कर गांजा व प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई है।

शनिवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के सभी थानेदारों को अनिवार्य रूप में पुड़िया में गांजा बेचने वाले व बड़े पैमाने में गांजा तस्करी करने वालों व प्रतिबंधित नशीली टेबलेट व इंजेक्शन बेचने वाले को पकड़ने का आदेश दिया है। उसके बाद थानेदार अपने अपने क्षेत्र में बल के साथ गांजा व टेबलेट बेचने वालों की तलाश में जुट गए। इस दौरान सिविल लाइन पुलिस ने मंगला दीनदयाल कालोनी छोटा काम्प्लेक्स सब स्टेशन के पास पुड़िया में गांजा बिक्री करने वाले लोखंडी निवासी बबुआ उर्फ राजकुमार निर्मलकर पिता स्व. लतेल निर्मलकर 58 साल को पकड़कर उसके पास से 2 किलो 80 ग्राम गांजा व 480 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। कोनी पुलिस ने बिरकोना निवासी पूर्णिमा वर्मा पति चैतराम वर्मा 32 साल को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 256 ग्राम गांजा बरामद किया है।

सरकण्डा पुलिस ने रानी सिंह पति रामकिशोर सिंह 40 साल बंधवापारा निवासी से 2 हजार 925 नग प्रतिबंधित नशीले टेबलेट व बबली वंशकार पति महेन्नल वंशकार 30 सो जोगी आवास बंधवापारा से 1 किलो 214 ग्राम गांजा, अभय भार्गव पिता राजेश भार्गव 24 साल प्रभात चौक चिंगराजपारा निवासी से 1 किलो 136 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। बेलगहना पुलिस ने कोंचरा निवासी देवचरण वैष्णव पिता कृष्णादास वैष्णव 50 साल को पकड़कर उसके पास से 300 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने गांजा व टेबलेट जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



### 225 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रतनपुर। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रतनपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 225 ग्राम गांजा, नकद 23 सौ रुपए तथा एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 14 हजार 8 सौ रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई किअरविंद जैन उर्फ अन्नू अपनी किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा की पुड़िया बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने किराना स्टोर में दबिश दी। तलाशी के दौरान 225 ग्राम गांजा एवं 2300 रुपये बिक्री रकम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### सिरगिट्टी में गांजा बेचते दो पकड़े गए

सिरगिट्टी पुलिस ने क्षेत्र में पतासाजी कर पुड़िया में गांजा बेचने वाले पोर्टर खोली निवासी शंकर दास पिता नारायणदास मानिकपुरी 19 साल को पकड़ लिया है। उसके पास से 360 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसी तरह पोर्टर खोली निवासी शेख राजा पिता शेख शमीम 30 साल को पकड़कर उससे 240 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## निजी भवनों में संचालित राशन दुकानों को भवन देने की तैयारी

# गांव की 50 राशन दुकानों को मिल सकेगी अपनी छत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में किराए या निजी भवनों में विगत लंबे समय से संचालित हो रही राशन दुकानों को अपनी छत मिल सकेगी। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित करीब 50 राशन दुकानों के लिए भवन बनाने की तैयारी की जा रही है। भवन निर्माण मनरेगा की फंडिंग से किया जाएगा।

- मनरेगा की फंडिंग से बनाया जाएगा भवन

विगत लंबे समय से भवन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों में किराए या उधार के भवनों में संचालित राशन दुकानों के लिए स्वयं का भवन उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। जिले में कुल 697 राशन दुकानें संचालित हैं, जिनमें 496 ग्रामीण एवं 201 शहरी हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर पीडीएस राशन दुकानें किसी न किसी सरकारी बिल्डिंग में ही संचालित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत सरपंचों के द्वारा गांव में उपलब्धता के हिसाब से राशन दुकानों में पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, अतिरिक्त कक्ष या अन्य खाली भवनों में संचालित करने की व्यवस्था करा दी गई है। इसके बाद भी ऐसे भवन जिन्हें शासकीय भवन नहीं मिल सका है, उनके लिए अब स्वयं की बिल्डिंग तैयार की जाएगी। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा हाल ही में खाद्य विभाग से ऐसी राशन दुकानों की सूची मांगी गई थी, जिनके पास स्वयं के भवन नहीं हैं। इनमें से करीब 50 दुकानों के लिए मनरेगा की फंडिंग से भवन तैयार करवाकर दिया जाएगा।

### नहीं होगी खाद्यान्न की बर्बादी

वर्तमान में निजी भवनों में संचालित राशन दुकानों में भवन की स्थिति जर्जर होने की दशा में कई दुकानों में न केवल सीलन की शिकायत देखी जाती है, बल्कि बारिश के दिनों में कहीं-कहीं छत से भी पानी टपकता है। ऐसी दुकानों में भवन मालिक के द्वारा सुधार के लिए कोई दिलचस्पी नहीं लेने एवं किराए का भवन होने के कारण राशन दुकान संचालकों द्वारा सुधार नहीं करा पाने के कारण दुकान पर रखा खाद्यान्न भी अनावश्यक रूप से खराब होता है, जिससे दुकानदारों का नुकसान होता है। स्वयं का भवन मिल जाने के बाद खाद्यान्न खराब होने जैसी शिकायत समाप्त हो जाएगी।



### शहर की ज्यादातर दुकानें किराएदार

नगरीय निकायों के अंतर्गत शहर के भीतर करीब 201 राशन दुकानें संचालित हैं, जिनमें 80 प्रतिशत दुकानें किराए के भवनों में ही संचालित हैं। फंडिंग की कोई व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण राशन दुकान संचालकों को किराए के भवनों से ही काम चलाना पड़ रहा है। कई वार्डों में जर्जर भवनों से खाद्यान्न खराब होने की भी शिकायत है, जिसका विरोध कार्डधारियों के द्वारा किया भी जाता है, लेकिन दुकान संचालकों की भी अपनी मजबूरियां हैं।

### बनाए जा रहे भवन

मनरेगा की फंडिंग से ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 50 से भी अधिक राशन दुकानों के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है।

**- संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

### सूची भेज दी गई है

जिला पंचायत प्रशासन द्वारा ऐसी राशन दुकानों की सूची मांगी गई थी, जिनके पास स्वयं के भवन नहीं हैं। सूची भेज दी गई है।

**- अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप



### स्कूली छात्र छात्राओं ने किया मातृ पितृ पूजन दिवस

**रजगामार।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में मातृ पितृ पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं के माता-पिता उपस्थित थे। मंच में वरिष्ठ शिक्षक सीताराम राजवाड़े, जगदीश प्रसाद साहू एवं श्रीमती भगवती पाल मचस्थ थे। सभी पालकों के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। जिसके बाद सभी छात्र छात्राओं ने अपने अपने माता-पिता की आरती उतारकर व तिलक लगाकर पूजा किये। इस दौरान शिक्षक अमृत लाल साहू ने अपने गीत के माध्यम से माता-पिता की प्रशंसा की एवं डॉ लोकनाथ कश्यप ने अपने उद्बोधन में सभी छात्रों को अपने-अपने माता-पिता का सम्मान करने एवं अभिभावकों को भी अपने माता-पिता का सम्मान करने कहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक पुनीराम बघेल ने गणेश भगवान द्वारा अपने माता-पिता की परिक्रमा से की इसकी जानकारी देते हुए सभी छात्रों को अपने घरों में आरती सजाकर अपने माता-पिता व दादा-दादी की पूजन करने की सलाह दी।

### सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कोरबा।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 14 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर एच.टी.पी.पी. दर्री में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा बारस्कर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम् तथा भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा अरुण उदय से पंचम तक के भैया-बहनों ने अपने अभिभावकों के साथ सहभागिता की। मंत्रोच्चार के बीच विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन, तिलक और आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मुंह मीठा कराया। इस भावपूर्ण क्षण में कई अभिभावकों की आंखें नम हो उठीं। अभिभावक कमलेश वैष्णव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जहां पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में वेलेंटाइन डे मनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, वहीं भारतीय संस्कृति के संरक्षण हेतु इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है।

### जैबुननिशा को मिला हाईकोर्ट से न्याय भतीजा का दावा किया गया खारिज

**कोरबा।** हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि कोई मुस्लिम अपनी एक तिहाई से ज्यादा जायदाद वसीयत के ज़रिए किसी को नहीं दे सकता, जब तक कि बाकी वारिसों की रजामंदी न हो। यह फैसला एक विधवा की याचिका पर आया, जिसे निचली अदालतों ने उसके पति की जायदाद में हिस्सा देने से इनकार कर दिया था। जिले में निवासरत 64 वर्षीय जैबुननिशा ने अपने पति अब्दुल सत्तार लोधिया की जायदाद पर अधिकार मांगते हुए कोर्ट में याचिका दायर की। उनके पति की मौत 2004 में हुई थी। पति की मौत के बाद भतीजे मोहम्मद सिकंदर ने अपने पक्ष में एक वसीयत प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया था कि सारी जायदाद उसे ही मिलेगी। सिकंदर ने खुद को पालक बेटा बताया था। जैबुननिशा ने इस वसीयत को फर्जी बताया और कहा कि यह उनकी रजामंदी के बिना बनाई गई थी। उन्होंने निचली अदालतों में केस दायर किया, लेकिन दोनों अदालतों ने उनकी याचिका खारिज कर दी। जस्टिस बिभू दत्ता गुरु की सिंगल-जज बेंच ने सुनवाई के बाद निचली अदालतों का फैसला पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालतों ने विधवा के कानूनी हक को सुरक्षित रखने में गलती की। कोर्ट ने मुस्लिम लॉ के सेक्शन 117 और 118 का हवाला देते हुए कहा कि वसीयत के जरिए जायदाद देने की एक सीमा है।हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सिकंदर की वसीयत असली भी होती, तब भी वह जायदाद का एक तिहाई से ज्यादा हिस्सा नहीं मांग सकता था। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया वारिसों के हक की हिफाजत मुस्लिम कानून का एक बुनियादी सिद्धांत है। एक तिहाई से ज्यादा की वसीयत वारिसों की मौत के बाद की रजामंदी के बिना प्रभावी नहीं हो सकती।

## पृष्ठ 1 का शेष


### एक महीने बाद...

में रहने वाले लोगों की नजर वेदमती के लटकते हुए शव पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए और तत्काल इसकी सूचना वेदमती के परिजनों को दी वेदमती के परिजनों ने इसकी सूचना और पसान पुलिस को दी और इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। फिलहाल परिजन भी समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर किन कारणों के चलते हुए वेदमती ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पीएम रिपोर्ट मिलने व जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।



पाली शिव मंदिर में जलाभिषेक करने उमड़ी भक्तों की भीड़।







पाली सहित शहर में झांकियों के साथ निकली शिव की बारात जिसमें दिखे महाकाल के कई रुप।

## जगह- जगह हुए भोग भंडारे, मंदिरों में गूंजते रहे शिव के भजन

# शिवालय में गूंजा जय महाकाल, गाजे बाजे के साथ निकली महादेव की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को शहर और ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों में जल अभिषेक करने शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां शिवालयों में जय महाकाल की गूंज सुनाई दे रही थी

**खास बात**

- जलाभिषेक करने मंदिरों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

वहीं शहर में गाजे बाजे के साथ शिव की बारात निकाली गई जिसमें विभिन्न वेशभूषा में झांकियां भी नजर आयी।

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रविवार की सुबह से शिवालयों में शिवभक्त जल अभिषेक करने पहुंचने लगे थे। सुबह की किरणों के साथ शुरु हुआ जल अभिषेक का यह पर्व दिन भर चलता रहा। इस दौरान अंचल के कई स्थानों में भोग भंडारे के आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। अंचल के प्रसिद्ध पाली शिव मंदिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ नजर आयी। मुख्य मार्ग जाम नजर आया। शिवभक्तों की लंबी कतार लगी रही। ऐतिहासिक और प्राचीन शिव मंदिर होने के कारण यहां दर्शन करने के लिए अंचल के कोने कोने से शिवभक्त पहुंचे। इनके अलावा शहर के पॉवर हाउस रोड स्थित शिव मंदिर से भी शिव की बारात निकाली गई जो पुराना बस स्टेंड स्थित रामजानकी मंदिर में जाकर समाप्त हुई। गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात में शिव के गण का भेष धारण किए शिव के भक्त झांकियों में चल रहे थे।

### कनकेश्वर धाम में उमड़ा जनसैलाब

कनकी स्थित कनकेश्वर धाम में आधी रात से ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं और सुबह होते-होते पूरा वातावरण हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कनकेश्वर धाम, कपिलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव सहित जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। दिनभर मंदिर परिसरों में भजन मंडलियों द्वारा शिव भजनों और कीर्तन का आयोजन किया गया। शिव तांडव स्तोत्र, महामृत्युंजय मंत्र और शिव आराधना के भजनों ने भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु नृत्य-कीर्तन करते हुए भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दिए। कनकेश्वर धाम में कोरबा कांवरिया संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां महाप्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरे जिले में आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।



### प्रगति नगर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



प्रगति नगर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में बड़े ही धूमधाम से पूजा अर्चना की गई एवं महाभोग लगाकर भोलेनाथ का महाप्रसाद वितरण किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिक एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से नगर पालिका परिषद दीपिका के वरिष्ठ पार्षद पीआईसी सदस्य अरुणीश तिवारी के साथ अंचल के वरिष्ठ नेता रजनीश तिवारी, ओम प्रकाश जायसवाल, राजेश यादव, अरविंद सिंह, विनोद कर्स, ललित राठौर, कबिलास, धर्मेंद्र शुक्ला, गोविंद यादव, योगेंद्र तिवारी, राजू तिवारी, हितेश अग्रवाल, गजेंद्र राठौर अमरीश सिंह दीपक जायसवाल सहित अनेक लोगों ने अपनी सेवाएं देकर श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मनोज शर्मा मन्नू राठौर कांग्रेस नेता तनवीर अहमद विशाल शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### शांतिनगर शिव मंदिर में रही सुबह से भीड़

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरदीबाजार शांतिनगर स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुई,सुबह से ही शिव भक्तों ने महादेव को प्रसन्न करने,जल, दूध,दही मधुरस, बेलपत्र, आंक, धतुरा, कनेहर, पलाश, मंदार, गेंदा सहित अन्य फूल,श्री फल, मौसमी फल,मिठाई भक्तों ने अपने महादेव को प्रसन्न करने अर्पित किए और त्रिगण शिव जी आरती गाकर, पुष्पांजली अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ण हेतु प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने शिव मंदिर आने वाले भक्तों को सुख प्रसाद,फल का वितरण किया गया। इस दौरान संतोष राठौर, जगदम्बे राठौर, राजाराम राठौर, रश्मि राठौर,प्रभा कंवर, आदित्य,यशु, शिवम्, कान्हा,बेबी, दद्दू, प्रिंस सहित अन्य भक्तों ने प्रसाद का वितरण किया और व्यवस्था संभाली।



### बेलाकछार शिव मंदिर में मनाई गई महाशिवरात्रि



बालको के बेलाकछार गांव के शिव मंदिर में विशेष पूजा की गई। 19 वर्ष से लगातार पूजापाठ धूमधाम से मंदिर पहुंचे भक्तों ने जल अभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। विशेष पूजा खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। अर्चना पंडित महात्मा तिवारी ने संपन्न कराया पूजा में मुख्य यजमान मोहन साहू उनकी पत्नी नर्मदा साहू रहे भगवान शिव की विशेष पूजा के बाद हवन पूजा किया गया। उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया क्षेत्र के लोगों की सुख शांति व मंगल कामना की गई भगवान शिव का रुद्रा भिषेक करने श्रद्धालु मंदिर पहुंचने रहे इसमें गांव में भक्ति में वातावरण बना रहा उसमें उपस्थित रेशम लाल साहू, भवानी साहू, धरमू यादव, राकेश साहू, ज्योत्सना साहू, रेखा साहू,राघव साहू ,उमिका साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिव महापुराण कथा का हुआ आयोजन



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अमरैयापारा नवधा चौक में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। आचर्य चंदन कृष्ण शास्त्री ने यहां ईश्वर की कथा का महात्म्य बताया। उन्होंने कहा कि जब विपत्ति में अपने भी दूरी बना लेते हैं, तब आदिदेव विश्वनाथ अपने भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं। महिला समिति अमरैयापारा के इस आयोजन के प्रथम दिवस आचार्य चन्दनकृष्ण ने कहा कि शिव नकारात्मक शक्तियों के संहार और सात्विक शक्तियों को सशक्त करने का माध्यम है। ऐसे कई प्रसंग आदिदेव कालखण्ड में आए। उन्होंने अपनी क्षमता से मानव कल्याण के लिए बड़ी लकीर खींची। आचार्य ने कहा कि कथाएं मनुष्यों को नई दृष्टि देती हैं। जीवन को सार्थक बनाने की शक्ति देती हैं। इसलिए श्रावकों को इसी अनुकूल आचरण करना चाहिए। कथा के शुभारंभ दिवस को भगवती पार्वती का यशगान करते हुए पचरा गीत की सुंदर प्रस्तुति की गई।

### डिंगापुर में भोग भंडारा का हुआ आयोजन



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निगम क्षेत्र में अंतर्गत वार्ड नंबर 36 डिगापुरमें श्री बजरंगी जल कल्याण समिति के द्वारा उक्त महापर्व के शुभ अवसर पर भव्य भोग भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में प्रातः काल से भक्तों का तांता लगा रहा। हजारों के तादाद में भक्तगण मंदिर प्रांगण में पहुंचकर पूजा अर्चना किया तत्पश्चात सभी ने आयोजन समिति के द्वारा बनाया गया भोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं उक्त आयोजन के मुख्य आयोजक श्री बजरंगी जन कल्याण समिति डिगापुर के अध्यक्ष रघुवंशी सोनी बृजलाल वरिष्ठ समाज सेवी अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, पुष्पेंद्र कर्ष, मुनीराम यादव, देव पटेल, रामेश्वर सूर्यवंशी, ओमप्रकाश दुबे, बी एल निराला, इंद्रजीत मरकाम, अजय कुमार, नेतराम, राजकुमार प्रजापति, चेतन दास महंत, संजय तिर्की, संदीप तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

# कंश वध व रुक्मणी विवाह का कथावाचन रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालु एवं कथावाचन करते कथावाचक।

परमहंस स्वामी श्री शारदानंद सरस्वती महाराज की पावन स्मृति में एवं महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद सरस्वती महराज के सुखद सानिध्य में स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केन्दई में चल रहे 45 वा विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी महराज कटघोरा ने श्रोतागणों को कंश वध व उद्धव प्रसंग के साँथ साँथ देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताते हैं कि एक बार मथुरा में कंश का आतंक बढ़ने लग जाता है सभी नगरवासी कंश के द्वारा किये जा रहे अत्याचार से भयभीत रहते हैं सभी देवता भी प्रभु से निवेदन करने लगे कि हे प्रभु मथुरा में कंश का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है कृपया इस कंश का वध कर मथुरा वासी को इसके आतंक से मुक्त करो तभी वो शुभ घड़ी आ जाती है मथुरा में कुश्ती युद्ध के लिए गोकुल में निमंत्रण आता है तब कन्हैया अपने भाई बलराम के साँथ मथुरा नगरी पहुंच जाते हैं और योद्धाओं के साँथ युद्ध होता है जब सभी योद्धा हार जाते हैं तब स्वय कंश कन्हैया से युद्ध करने के लिए आते हैं और कहते हैं कि हे बहरूपिया लगता है कि तेरी मृत्यु मेरे ही हांथो लिखी हुई है और एक ओर सभी देवता भी कंश को मृत्य का इंतजार कर रहे थे और दोनों के बीच युद्ध प्रारंभ होता है जिसमे प्रभु के हांथो कंश का वध हो जाता है और जैसे ही कंश का वध होता है स्वर्ग लोक के सभी देवता प्रभु के ऊपर पुष्प की वर्षा करने लगते हैं इस बीच प्रभु ने सभी मथुरा वासियो को कंश के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई उद्धव गोपी सम्भाग के मध्य महराज श्री ने बताया कि उद्धव इतने ज्ञानी थे कि गोपियों के सामने उनकी एक भी नही चली उद्धव सुध्व हेगायो सुन गोपिन के बोल ज्ञान भजाई डूम दुमी प्रेम बजायो ढोल इसके पश्चात रुक्मणि कृष्ण विवाह पर बोलते हुए राजा भिसमत के यहां रुक्मिणी लक्ष्मी जी के रूप में प्रकट हुई राजा शिशुपाल के साँथ विवाह निश्चित हुआ नाराद जी ने बताया कि आपका पाणिग्रहण संस्कार द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण के साँथ निश्चित है तब रुक्मिणी जी ने भगवान श्री कृष्ण को पत्र लिखा भगवान श्री कृष्ण अपने रथ में कुंदनपुर आते व इसी बीच देवी रुक्मिणी देवी पूजा के लिए जाती है तभी भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी को रथ में बैठाकर द्वारिका की ओर ले जाते हैं इतने में शिशुपाल अपनी अक्षणि सेना लेकर आते हैं लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसकी आधी दाढ़ी व आधी मुछ काट देते हैं तभी रुक्मिणी भगवान से प्रार्थना करती है कि ये मेरा भाई है इसको छमा कर दो व रुक्मिणी व प्रभु श्री कृष्ण द्वारिका चले जाते हैं जहां उनका विधिवत ब्रम्हा जी ने विवाह कराया। इस अवसर पर नगर के सभी श्रोताओं के साँथ साँथ ग्रामीणों ने भी आकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया।

## निधन

### श्रीमती उमेंद कुंवर



**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सपुरन कुलदीप की मां श्रीमती उमेंद कुंवर उम्र 92 वर्ष का अकास्मिक निधन 14 फरवरी को शाम 8.30 बजे हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भैरोताल मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। वे अपने पीछे 6 पुत्र ,नाती पोता से भरा पूरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गए, अंतिम यात्रा में परिवार, समाज व भूविस्थापित परिवार से बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर जिले में विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम ग्राम पंचायत नकटीखार के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों की सहभागिता रही। इस अवसर पर सरपंच, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रीमा, विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की एएनएम द्वारा बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पोषण, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। एवीएके जिला समन्वयक विजय प्रताप ने बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम एवं बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए समुदाय को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु परिवार और समाज की सकारात्मक भूमिका अत्यंत आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उपस्थित समुदाय को बच्चों के अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने हेतु सामूहिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
20 वर्षों से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

कार्यालय, संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र - कोरबा

**आम- सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास अंतर्गत सेमीपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्र. LIG-81 श्री अनुज कुमार सिंह पिता श्री उमा शंकर सिंह को आबंटित किया गया है। उक्त भवन को श्री दीपक सिंह पिता श्री हरजीत सिंह को विक्रय करने हेतु भवन विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करें। 15 दिनों के अदर आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने पर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मे आपत्ति / दावा मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-कोरबा

न्यायालय प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

प्रकरण क्रमांक ...........
प्रोसेस क्रमांक 124/26
पेशी तारीख 17-02-26

बोधन दास वगै. वादी/आवेदक
विरुद्ध
अमरनाथ जायसवाल वगै. प्रतिवादी/अनावेदक
बनाम
अनावेदक क्र. 3 श्रीमती नंदनी महंत पति स्व. रामेश्वर दास निवासी ग्राम कुमगरी तह. कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग)

वादी/आवेदक बोधन दास के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक अमरनाथ जायसवाल के विरुद्ध धारा मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 166 के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 17.02.2026 की तिथि है।

अतः प्रतिवादी / अनावेदक श्रीमति नंदनी महंत पति स्व. रामेश्वर दास निवासी- ग्राम कुमगरी तह-कटघोरा जिला - कोरबा (छग) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 17.02.2026 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

नोट-यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 13.01.26 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक : 13.01.26

श्रीमती मधु तिवारी
न्यायालय प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट आज




**कोरबा।** जिले में क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट कहे जाने वाला स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 16 फरवरी की शाम 7 बजे किया जाएगा इसके लिए कोरबा प्रेस क्लब के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रंगारंग कार्यक्रम व आतिशबाजियों के बीच इस स्पर्धा का शुभारंभ होगा। इसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम घंटाघर को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। सभी मैच धूधिया रौशन में खेला जाएगा। विगत 22 वर्षों से अंचल के वरिष्ठ पत्रकार स्व केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता को आकर्षक बनाने के लिए कोरबा प्रेस क्लब ने तैयारी पूरी की है। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी शाम 7 बजे से डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम निहारिका क्षेत्र घंटाघर चौक में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में अंचल की 16 टीम हिस्सा ले रही हैं। ऊर्जाधानी कोरबा के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में टेनिस बॉल क्रिकेट के सबसे बड़े आयोजनों में शामिल स्व. केएल मेहता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का मंच सज चुका है। काव्यपाठ करने वालों में संतोष चौहान, शनी प्रधान, संतोष कुमार, उदय प्रधान, सरस्वती श्रीवास, भारती चौरसिया, अनुसुइया श्रीवास, वीणा मिस्त्री, बलराम राठौर, पंडित शिवराज शर्मा, घनश्याम श्रीवास, सरस्वती साहू, हिमांशु चतुर्वेदी, रशीदा मारकंडेय, जीतेन्द्र वर्मा खैरझिटिया, पूजा तिवारी , फिरोजा खान, लक्षन चंद्रा, डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, दिलीप अग्रवाल, दीपक सिंह ठाकुर,अंजना सिंह ठाकुर व यूनुस दानियालपुरी आदि शामिल रहे।

### परीक्षा की गोपनीय सामग्री का आज होगा वितरण

**कोरबा।** छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री वितरण के जारी निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा में उपस्थित होकर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सामग्री प्राप्त करने के तुरंत बाद उसे संबंधित थाना या चौकी में सुरक्षित जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में समय-सीमा और गोपनीयता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मुख्य परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### साहित्य भवन में मासिक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**कोरबा।** मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा पद्मश्री पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब यूनुस दानियालपुरी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजना सिंह ठाकुर व दीपक सिंह ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में यह सरस काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। मंच पर समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा तथा उपाध्यक्ष बलराम राठौर भी मंचासीन रहे। माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अनसुइया श्रीवास ने माँ शारदे की वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का पुष्प हार व बैज लगाकर स्वागत किया गया। समिति के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने दिया। यूनुस दानियालपुरी, डॉ अंजना सिंह ठाकुर और दीपक सिंह ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किए। साहित्य भवन के साज सज्जा हेतु विशेष सहयोग के लिए डॉ अंजना सिंह ठाकुर और दीपक सिंह ठाकुर को समिति द्वारा शाल, श्रीफल और गुलदस्ते के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन कवियों ने बसंत और अन्य विषयों पर मधुर काव्यपाठ किया।

# महाशिवरात्रि पर 18 फीट ऊंची शिव प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न शिवालयों में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान जेसीआई द्वारा मोतीसागरपारा बस्ती के समीप मुक्तिधाम में भगवान शंकर की 18 फीट ऊंची मूर्ति की कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने पूजा-अर्चना कर अनावरण किया।

इस अवसर पर मंत्री लखन लाल लाल देवांगन ने जेसीआई कोरबा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जब वह कोरबा के महापौर थे तब इस मुक्तिधाम का कायाकल्प किया गया था। जेसीआई ने इस मुक्तिधाम की व्यवस्था कब बेहतर तरीके से रखरखाव एवं संचालन किया जा रहा है। इसी तरह मंत्री श्री देवांगन मानिकपुर में भगवान शंकर की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने समिति की मांग पर मंदिर के पास सामुदायिक भवन हेतु 15 लाख की घोषणा की। इसके बाद नेहरू नगर कुआं भट्ट में महिला समिति द्वारा आयोजित शिव मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक में सम्मिलित हुए। मंदिर परिसर में किचन शेड हेतु 5 लाख की घोषणा की। इसी तरह बालको नगर के परसाभाटा बिहीबाड़ी में नवनिर्मित शंकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के मंगल कामना की। समिति की मांग पर मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख की घोषणा की। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गौरी शंकर मंदिर के समीप बने 10 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर टीएन बजाज, अभिषेक अग्रवाल, राम कुमार सोनी, रोहित असरानी, निश्छल टमकोरिया, पीएस गांधी, सभापति नूतन सिंह, प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्रीमती रूबी सागर पार्षद श्रीमती राधा महंत, तामेश अग्रवाल एवं नरेंद्र देवांगन, योगेश मिश्रा, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

**खास बातें**
- विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन



## उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ शुभारंभ

# शिव आरती, दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी के साथ पाली महोत्सव का हुआ शुभारंभ


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।


महोत्सव में अतिथि एवं नागरिकगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऐतिहासिक नगरी पाली में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाली महोत्सव 2026 का शुभारंभ शिव आरती, दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शाम लगभग 7 बजे पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती और दीपोत्सव ने समां बांध दिया। पाली के ऐतिहासिक शिव मंदिर और सरोवर के चारो ओर दीपों की जगमगाती रोशनी और शांत माहौल में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत का मेल दिखाई दिया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, श्रम, उद्योग, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान गंगा आरती, धूप आरती के साथ धार्मिक माहौल दिखाई दिया। मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने पाली के ऐतिहासिक मंदिर में पूजा अर्चना भी किया और सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा,पार्षद नरेन्द्र देवांगन अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आदि उपस्थित रहें।

## राधासागर तालाब में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


सफाई करते हुए।

नगर में स्वच्छता को लेकर एक नई शुरुआत करते हुए सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर राधासागर तालाब व मंदिर के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान तालाब परिसर से प्लास्टिक कचरा, झाड़ियां और गंदगी हटाई गई। अधिकारियों ने बताया कि यह केवल शुरुआत है। आने वाले दिनों में नगर के सभी वार्डों, सार्वजनिक स्थलों,बाजार क्षेत्रों और तालाबों में चरणबद्ध रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष राज जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छ नगर केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है जब तक जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक स्थायी स्वच्छता संभव नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर डालें और प्लास्टिक के उपयोग से बचें। सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की निगरानी तथा खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस स्वच्छताअभियान में सभी नगरवासियों से भी सहयोग की अपील की है स्थानीय लोगों ने भी इस स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए नियमित रूप से ऐसे प्रयास जारी रखने की मांग की। सफाई अभियान में लाल बाबू ठाकुर, मुद्रिका प्रसाद तिवारी,पार्षद हरीश यादव, राजेश्वरी जात्रा, अजय धनोंदिया, शारदापाल, घनश्याम आलवानी सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# जलोपचार संयंत्र की 80 से बढ़कर 100 एमएलडी हो जाएगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र में निवासरत सभी लोगों तक जल आपूर्ति के लिए कोहड़िया में 20 एमलडी (मिलियन लीटर प्रतिदन) क्षमता वाली नई जल आवर्धन तैयार की जाएगी। जिला खनिज न्यास से इसके 37 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है। नगर निगम ने निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में 80 एमलएडी क्षमता की जलावर्धन संचालित है। जिससे 60 हजार परिवारों को पानी मिल रहा । नवीन योजना के मूर्त रूप लेने से इस की क्षमता 100 एमएलडी हो जाएगी। साथ ही 14 हजार अतिरिक्त परिवारों के लाभांवित होने से जलावर्धन से 74 हजार परिवारों के घरों तक पानी पहुंचेगा। नवीन जलावर्धन का पानी घरों तक पहुंचाने के लिए गोमाता चौक, रूमगडा और दादर खुर्द 80-80 हजार लीटर क्षमता की टंकी का निर्माण किया जाएगा।

कोहड़िया में संचालित जलावर्धन के माध्यम से शहर 67 वाडों में जलापूर्ति हो रही है। शहर के अंतिम छोर में बढ़ती बसाहट और पानी की आवश्यकता को देखते आपूर्ति कम हो रही है। सीतामढ़ी इमलीडुग, रूमगड़ा, दादरखुर्द तक पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन लंबी दूरी तक जलापूर्ति के लिए प्रेशर कम है। जल आवर्धन की एक भी मोटर में खराबी आने पर सर्वाधिक समस्या दूर दराज के वार्डों होती है। ज्यादातर इस तरह की समस्या ग्रीष्म के समय में अधिक आती है। सीमावर्ती वार्डों में टेंकर से पानी आपूर्ति की नौबत आती है। दर्री बांध शहर के निकट होने के बाद भी लोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ता है। वर्तमान में कोहड़िया में चार जल आवर्धन चल रहीं हैं। इनमें 6 एमलडी का जलावर्धन बहुत ही पुराना हो चुका है। इसी के स्थान नया जलावर्धन तैयार किया जाएगा। यहां यह भी बताना होगा कि कोहड़िया जलावर्धन शहर के अलावा बालको, दरी, जमनीपाली तक जलापूर्ति होती है। यहां नई पाइप लाइन लगाने की वजह से सुगमता से पानी पहुंच रहा है। वहीं शहर के सीमावर्ती क्षेत्रों तक पानी पुराने पाइप लाइन से पहुंच रही है। विभागीय अधिकारी की माने तो ग्रीष्म के दौरान जलापूर्ति सुगम बनाने के लिए लिकेज पाइप लाइन को सुधारने का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही नाला से लगे पाइप को स्थानांतरित करने की की कार्य योजना तैयार की जाएगी। बहरहाल नवीन जलावर्धन का काम आगामी वर्ष तक पूरा कर लिया जाएगा। जलावर्धन योजना के बिजली बिल कम करने के लिए निगम प्रशासन की ओर इसे सौर ऊर्जा से जोड़ने की कार्य योजना तैयार की है। 80 एमएलडी जलावर्धन को संचालित करने के लिए निगम प्रशासन को प्रतिमाह ढाई लाख रूपये बिल भुगतान करना पड़ता है। सौर ऊर्जा से संचालित किए जाने राजस्व आय में वृद्ध होगी।



**खास बात**
- संयंत्र विस्तार के बाद निगम क्षेत्र के 74 हजार घरों में पहुंचेगा पानी

**गेरवाघाट एनीकट से होगी पानी की आपूर्ति**

तीन साल पहले जलावर्धन के लिए पानी नहर से ली जा रही थी। अब नहर के अलावा राताखार के निकट गेरवाघाट में बने एनीकट से भी पानी लिया जा रहा है। इससे नए जल आर्वधन के लिए पानी की कमी नहीं होगी। कोहड़िया तक नए जल आवर्धन को पानी खीचने के लिए पाइप नहीं बिछानी पड़ेगा। निगम के अधिकारियों की माने तो आने वाले समय में अतिरिक्त जल आवर्धन बनने पर भी पानी की समस्या नहीं होगी।

## जी राम जी पर हरदीबाजार मंडल में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


कार्यशाला में शामिल अतिथि व अन्य।

हरदीबाजार मंडल द्वारा वी बी जी राम जी विषय पर कार्यशाला का आयोजन आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा भागवत विश्वकर्मा ने वीबी जी राम जी के महत्व, उद्देश्य एवं प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया।

उन्होंने बताया कि वीबी जी राम जी एक नया ग्रामीण रोजगार कानून है, जो मनरेगा के स्थान पर लागू किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की कानूनी गारंटी प्रदान की जाएगी। साथ ही पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, जीपीएस आधारित निगरानी तथा एआई ऑडिट जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। मंडल अध्यक्ष श्री कृष्णा पटेल जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस नए संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना और आम जनता को इस अधिनियम के प्रति जागरूक करें। जिसमें जिला मंत्री अजय दुबे ने वीबी जी राम जी के महत्व और इसके प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंडल महामंत्री नवरत्न सिंह राजपूत तथा मंडल उपाध्यक्ष अनीता जांगड़े, बजरंग यादव, मंडल मंत्री लता कंवर, निखिल राठौर, शिव मरकाम, दिनेश पटेल, विकास निर्मलकर, रतिजा उट सरपंच मोहन पाल, जमुना सिंह, रामप्रसाद, श्याम बाई यादव, राम कंवर, सविता कंवर, गंगा दिवर , मंजू देवी, क्रांति रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## किशोर पब्लिक स्कूल फरसवानी में वार्षिकोत्सव

# वार्षिकोत्सव हमारे स्कूल में एक महत्वपूर्ण अवसर : द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

ग्राम पंचायत फरसवानी में संचालित किशोर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक कंवर उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत तिलक वंदन और बैज लगाकर किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन में स्कूल के छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों का विशेष योगदान रहा। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जैसे कि नृत्य, गायन, और नाटक आदि। स्कूल के प्रधानपाठक चंद्रमौल द्विवेदी ने बताया कि छात्रों को उनकी योग्यतानुसार पूर्व परीक्षाओं में उत्कृष प्रदर्शन करने पर पुरस्कार वितरित किया गया हैं। स्कूल के प्रधानपाठक श्री द्विवेदी ने कहा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हमारे स्कूल में एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह छात्रों को अपने कौशल और प्रतिभा को दिखाने का एक अच्छा अवसर है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती अशोक कंवर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के साथ परिजनों को विशेष रूप से मोबाइल, सोशल मीडिया आदि से बच्चों को बचाने की अपील की उन्होंने बच्चों को खेलकूद में ज्यादा ध्यान देने की बात करते हुए स्कूल में ग्राम सरपंच की सहायता से एक खिसल पट्टी देने का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में अमन सोनी ने भी अपने स्वर्गीय माताजी विमला देवी के याद में स्कूल में वाटर फिल्टर देने की घोषणा की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य फिरंत पप्पू राठौर, सरपंच श्रीमती ज्योति प्रहलाद बियार, उपसरपंच, श्रीमती सीमा राठौर, विनय शंकर अध्यक्ष केपीएस संस्था, रामनारायण शराफ़, जयनारायण सोनार, रामप्यारे बिंझवार, विश्राम कंवर सरपंच कोथारी, श्रीमती वंदना लंबोदर कंवर, सुंदरिया साव सरपंच रोगदा, श्रीमती उमादेवी मरावी, श्रीमती गीता देवी हिमधर, उपसरपंच नरेंद्र बरेठ, कृष्ण गोपाल सोनी, निमेश कुमार राठौर अधिवक्ता, सूरज सोनी विधायक प्रतिनिधि, धर्मेंद्र राठौर, जितेंद्र राठौर, संतोष राठौर, मनोज राठौर, अमन राठौर, अभिभावक, आस पास गांव से सरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधिगण, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

